# कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

**BLOCK-A, VAN BHAWAN, PURULIA ROAD, CHAS, BOKARO-827013**

*E-mail : dfo-bokaro@gov.in & bokarodfo@gmail.com* *Phone/Fax No : +91-6542-265142*


**पत्रांक :–** 1768 **दिनांक :–** 01/07/2021

सेवा में,

अधीक्षक अभियंता (ई0) धनबाद,
पो0–पंचेत डैम, जिला–धनबाद,
पिन–828206 (झारखण्ड)।

विषय :– **मेसर्स सी0सी0एल0, कारो कोनार Transmission Line 33 KV D/C विद्युत आपूर्ति हेतु 4.427 हे0 वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव के जाँच के संबंध में।**

प्रसंग :– सहायक वन संरक्षक, बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो का पत्रांक–शून्य दिनांक–24.02.2021 एवं इस कार्यालय का पत्रांक–799 दिनांक–03.03.2021

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र का कृपया अवलोकन किया जाय। आपके द्वारा सी0सी0एल0 कारो कोनार Transmission Line 33 KV D/C विद्युत आपूर्ति हेतु 4.427 हे0 वनभूमि अपयोजन हेतु प्रस्ताव समर्पित किया गया है। प्रस्ताव में संलग्न अभिलेखों को सहायक वन संरक्षक, बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो द्वारा स्थलीय जाँच किया गया। जाँच के क्रम में निम्नवत् त्रुटियाँ पायी गई है :–

(1) अभिलेख में संलग्न नक्शा के अनुसार गोविन्दपुर, कुरपनिया एवं बेरमों में दर्शाया गया लाईन अधिसूचित वनभूमि है, जबकि प्रस्ताव में अंचलाधिकारी, बेरमो के प्रतिवेदन में गैर–मजरूआ जंगल–झाड़ी दर्शाया गया है।

(2) प्रस्ताव में संलग्न FRA केवल जंगल–झाड़ी के लिए लिया गया है, जबकि वनभूमि के लिए FRA नहीं लिया गया है।

(3) प्रस्ताव में संलग्न पेड़ों की गणना सूची त्रुटिपूर्ण है, जिसे वन क्षेत्र पदाधिकारी, बेरमो के साथ संयुक्त रूप से सुधार करने की आवश्यकता है।

आपको सूचित किया गया था कि प्रमण्डलीय कार्यालय से प्रस्ताव की सभी प्रति प्राप्त कर आवश्यक संशोधन करते हुए पुनः प्रस्ताव समर्पित करना सुनिश्चित किया जाय। परन्तु अभीतक आपके द्वारा प्रमण्डलीय कार्यालय से प्रस्ताव की प्रति प्राप्त किये बिना ही ऑनलाईन आवेदन समर्पित कर दिया गया है, जो नियम के प्रतिकुल है।

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि प्रमण्डलीय कार्यालय से प्रस्ताव की प्रति प्राप्त कर आवश्यक संशोधनोपरान्त ही ऑनलाईन आवेदन समर्पित किया जाय, ताकि अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

01/7/2021

D:\Office\D.F.O.Office Bokaro\F.C.Act\Satender Sir\Misc.docx